राजस्थान सरकार

स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग

क्रमांक प. 32(1)शिक्षा–1/2000 पार्ट 7 जयपुर, दिनांक : 15.01.2021

आदेश

गृह विभाग के आदेश दिनांक 06.01.2021 एवं विभाग द्वारा कोविड–19 के बाद विद्यालयों में शिक्षण कार्य के पुनः प्रारम्भ करने हेतु जारी मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार दिनांक 18.01.2021 से विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 में शिक्षण कार्य पुनः प्रारम्भ किया जा रहा है।

एक लम्बे अन्तराल के उपरांत विद्यालय में कक्षा शिक्षण प्रारम्भ करने से पूर्व राज्य सरकार द्वारा विद्यालय संचालन की मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी की है। कोविड़–19 से समाज में उत्पन्न चिन्ता दूर करने, राज्य सरकार के प्रयासों से अभिभावकों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों में सकारात्मक विश्वास एवं संबलन पैदा करने हेतु किये जाने वाले अतिरिक्त प्रयासों के तहत शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त निदेशक एवं निदेशालय में कार्यरत अधिकारी तथा जिला प्रभारी अधिकारी क्षेत्र के विद्यालयों में दिनांक 18.01.2021 से 22.01.2021 तक भ्रमण कर मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) की पालना सुनिश्चित करेंगे एवं समाज में विभाग द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों से समुदाय, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में सकारात्मक विश्वास के संवाहक के रूप में दायित्व का निर्वाह करेंगे।

विद्यालय की विजिट के दौरान विद्यालय में चलाए जा रहे कार्यक्रमों यथा आओ घर में सीखे कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे गृह कार्य, उनके पोर्टफोलियो के उपयोग का अवलोकन कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे।

(अपर्णा अरोरा)
प्रमुख शासन सचिव

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, गृह विभाग।
5. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
6. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. निदेशक, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
8. शिक्षा (ग्रुप–2, 5, 6) विभाग।
9. समस्त जिला प्रभारी अधिकारी, राजस्थान।
10. रक्षित पत्रावली।

www.rajteachers.com

(भारतेन्द्र जैन)
शासन उप सचिव–प्रथम